an>

Title: Need to run Garib Rath Express (Train No. 12211/12212) between Delhi and Muzaffarpur (Bihar) daily and also provide a stoppage of the train at Bagaha in Bihar.

श्री सतीश चंद्र दुबे (वाल्मीकि नगर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र वाल्मीकिनगर (बिहार) का एक लोक महत्व का विषय संसद के समक्ष रखना चाहता हूँ। ट्रेन संख्या 12211/12212 गरीब रथ एक्सप्रेस आनन्द विहार (दिल्ली) से चलकर मुज़फ्फरपुर जाती है। यह सप्ताह में सिर्फ एक दिन चलती है। इस क्षेत्र के रेल यात्रियों की संख्या अत्यधिक होने के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अतः इस ट्रेन के फेरे बढ़ाकर इसे प्रतिदिन चलाये जाने की आवश्यकता है ताकि जनता को लाभ मिल सके तथा मेरा एक आग्रह यह है कि उक्त रेलगाड़ी बगहा स्टेशन पर नहीं रुकने के कारण यहाँ के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त ट्रेन को बगहा स्टेशन पर ठहराव की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।